हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

11 खाद्य सुरक्षा व पदार्थों में मिलावट आज के समय की सबसे गंभीर समस्याः अनूप



12 सरकारी भूमि पर नाजायज कब्जा पाया गया तो होगी कार्रवाईः डीसी



## एसीएस सचिव सुधीर ने वीसी के माध्यम से एम्स निर्माण कार्य में तेजी लाने व ओपीडी शुरू करने के दिए निर्देश

# एम्स में स्थाई जलापूर्ति के लिए जलघर का होगा निर्माण, दो करोड़ का एस्टीमेट तैयार, 33 केवी बिजली सब स्टेशन भी बनेगा

- एम्स में ओपीडी भी जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले के गांव माजरा में निमार्णाधीन देश के 22वें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानि एम्स का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। एम्स में स्थाई जलापूर्ति के लिए नजदीक के गांव में जलघर का निर्माण कराया जाएगा, जिसका दो करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है। बिजली वितरण निगम की ओर से 15 करोड़ की लागत से एक 33 केवी के सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा, जिसका भी एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भिजवाया गया है। जिला प्रशासन की ओर से रेलवे विभाग के साथ जमीन के मसले को भी सुलझा लिया गया है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से नेशनल हाइवे से एम्स की ओर जाने वाले रास्ते तथा ट्रैफिक आवागमन के लिए आरओबी व आरयूबी के प्रोजेक्ट तैयार कर लिए हैं। एम्स में ओपीडी भी जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद आगामी वर्ष 2026 में एबीबीएस की कक्षाएं शुरू होने की पूरी संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव माजरा में 16 फरवरी 2024 को एम्स की आधारशिला रखी थी। 203 एकड़ क्षेत्र में निमार्णाधीन एम्स में 703 बैड के अस्पताल भवन के साथ ही 100 सीटों के मेडिकल कॉलेज और 60 सीटों वाले नर्सिंग कॉलेज का भी निर्माण होना है। एम्स निर्माण में तेजी लाने के लिए पिछले दिनों कई उच्च अधिकारी भी दौरा कर चुके है।





रेवाड़ी। एम्स निर्माण को लेकर वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी, माजरा में एम्स निर्माण का चल रहा कार्य। फोटो :हरिभूमि

### एसीएस ने एम्स कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

वीरवार को स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीसी के माध्यम से माजरा एम्स कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। एसीएस ने कहा कि गांव माजरा भालखी में निमार्णाधीन एम्स संस्थान में बिजली-पानी, बरसाती पानी की निकासी व यातायात को लेकर सभी प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि एम्स निर्माण कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए तथा संस्थान में ओपीडी व आईपीडी की सेवाएं जल्द से जल्द शुरू करें। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि एम्स संस्थान के जल्द से जल्द निर्माण में जिला प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसी एवं विभाग अपना काम तेज गति से कर रहे हैं। डीसी ने बताया कि एम्स में पानी की आपूर्ति के लिए फिलहाल आसपास स्थित चार नलकूप से व्यवस्था की गई है। स्थाई जलापूर्ति के लिए नजदीक के गांव में जलघर का निर्माण कराया जाएगा, जिसका दो करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। बिजली वितरण निगम की ओर से 15 करोड़ की लागत से एक 33 केवी के सब स्टेशन का निर्माण कराया जाना है, जिसका एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए भिजवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि एम्स की चारदीवारी के पास ही एक ड्रेन बनी हुई है, जिसके द्वारा बरसाती पानी की निकासी हो सकती है। एम्स से इसकी कनेक्टिविटी को प्रशासन की ओर से मंजूरी दे दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने नेशनल हाईवे से एम्स की ओर जाने वाले रास्ते तथा ट्रैफिक आवागमन के लिए आरओबी व आरयूबी के प्रोजेक्ट तैयार कर लिए हैं। डीसी ने एम्स संस्थान को लेकर सभी अधिकारियों की मंगलवार को दोबारा बैठक बुलाने के लिए निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर एसीयूटी रूहानी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार चौहान, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान व लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण मौजूद थे।

### एम्स में ओपीडी व एसबीबीएस कक्षाएं शुरू करने की मांग

एम्स संघर्ष समिति मनेठी की ओर से सरकार से निर्माणाधीन एम्स में ओपीडी एवं एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने की लगातार मांग की जा रही है, समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद, प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह एवं सचिव ओमप्रकाश सैन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार तथा प्रशासन से माजरा एम्स में ओपीडी एवं एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने को लेकर कई बार आग्रह किया जा चुका है। प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत देश में 11 प्रांतों में एम्स निर्माण अपने शुरूआती दौर में है, उसके बावजूद वहां ओपीडी बहुत पहले ही शुरू की जा चुकी है तथा एम्स के नाम से एमबीबीएस की कक्षाएं भी लगाई जा रही है, लेकिन माजरा एम्स में अभी तक ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर खड़े ट्रक में घुसी कैंटर, चालक की मौत

**रेवाड़ी।** कसोला चौक फ्लाईओवर पर बुधवार की रात एक खड़े ट्रक में कैंटर गाड़ी घुस गई। इस हादसे में कैंटर के केबिन में फंसे चालक की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। यूपी के यमुनापाल लोहवन निवासी लखी एक कैंटर गाड़ी पर चालक था। बुधवार की रात वह कैंटर गाड़ी राजस्थान के नीमराणा में खाली करने के बाद भिवाड़ी की ओर जा रहा था। असाही फ्लाईओवर पर एक ट्रक खड़ा हुआ था, जिसके इंडिकेटर भी नहीं जले हुए थे। ट्रक के करीब पहुंचने के बाद लखी ने कैंटर गाड़ी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी ट्रक में घुस गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। कैंटर में फंसे चालक को बाहर निकालकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। गत वर्ष दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। काफी प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 12 मई को केस दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने राजस्थान के बेरला निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### मारपीट मामले में दो भाई किए गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** धामलावास में जमीनी विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। इस घटना का वीडियो भी जमकर वायरल हुआ था, जिसमें राजेश को संदीप व उसका भाई प्रदीप पीटते हुए नजर आ रहे थे। राजेश अपने खेत में गया तो बंद पड़े कुएं की मोटर दोनों भाई चला रहे थे। कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के कारण जब राजेश वीडियोग्राफी करने लगा तो उसके साथ मारपीट की गई। रामपुरा पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** रामपुरा पुलिस ने कोर्ट से घोषित पीओ को गिरफ्तार किया है। सरकार बनाम हरपाल मामले में कोर्ट ने बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद हाजिर नहीं होने पर बोड़यि कमालपुर निवासी हरपाल को गत 3 मार्च को पीओ घोषित कर दिया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज दो दिन पूर्व केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी हरपाल को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### हादसों के आरोपी दो वाहन चालक काबू

**रेवाड़ी।** सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो गाड़ी चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कसोला थाना क्षेत्र में 30 अप्रैल को ट्राले की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने राजस्थान के गादली की ढाणी निवासी कृष्ण को काबू करते हुए ट्रॉला कब्जे में ले लिया। धारूहेड़ा पुलिस ने 8 मई को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक टींट निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## विशिष्ट दत्तक गृहण अभिकरण से बच्ची को लिया गोद, 38 बच्चों को मिला परिवार

- एक बच्चा अमेरिका में गोद दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से संचालित विशिष्ट दत्तक गृहण अभिकरण से चारु मीणा उपाध्यक्षा एवं चेयरपर्सन जिला बाल कल्याण परिषद ने वीरवार को एक बच्ची गोद दी है। उन्होंने बाल गृह में संगीत एवं नृत्य की नियमित कक्षा का उद्घाटन भी किया और बच्चों से बातचीत की। उन्होंने संस्था की ओर से लावारिश बच्चों की परवरिश की सराहना की व बच्ची को गोद लेने वाले अभिभावकों की इस सरहानीय कदम की प्रशंसा की। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि संस्था के माध्यम से बच्चा गोद दिया जाता है। अभी तक विशिष्ट दत्तक गृहण अभिकरण की ओर से 38 बच्चों को गोद दिया जा चुका है, जिनमे एक बच्चा अमेरिका में गोद दिया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन कुसुमलता, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका, एसएमओ डा. सुंदरपाल महलावत, पिंकी, कार्यक्रम अधिकारी, मुग्धा यादव, अधीक्षिका, अजमेर गोदरा परिवीक्षा अधिकारी व मैनेजर धर्मवीर सहित आस्था कुंज का समस्त स्टाफ उपस्थित था।




रेवाड़ी। बालगृह में मौजूद अधिकारी व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### ताला तोड़कर मकान से नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** रामसिंहपुरा में चोर एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में नितिन कुमार ने बताया कि उसकी मां बाहर काम करती है। उसने खुद मोहल्ले में दुकान की हुई है। वह अपनी मां को छोड़कर पहले मकान आया था। इसके बाद वह दुकान पर चला गया। शाम के समय जब मकान में आया तो गेट का ताला टूटा हुआ था। मकान के कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके मकान के कमरे की अलमारी से 30 हजार रुपये, चांदी की आधा किलोग्राम वजन की तगड़ी, सोने के टॉप्स व अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सिटी पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी कराते हुए चोरी की जांच शुरू कर दी।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

- एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

थाना बावल पुलिस ने करीब 6 साल पूर्व नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। डीजीपी को 11 अक्टूबर 2019 को दायर एक परिवाद में दुल्हेड़ा खुर्द निवासी श्योदान सिंह ने बताया था कि चरखी दादरी के गांधी नगर निवासी उमेद सिंह ने उसके बेटे को रेल विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर वर्ष 2012 में 5 लाख रुपये लिए थे। इसके बाद उमेद ने उसके बेटे का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर बनवा दिया। फर्जी मेडिकल लेटर भी तैयार कराकर उसे दे दिया गया। हकीकत पता चलने के बाद उमेद ने उसे 2.40 लाख रुपये लौटा दिए, परंतु शेष 2.60 लाख रुपये लौटाने से मना कर दिया। उसके परिवाद पर कार्रवाई करते हुए उसे एसपी ऑफिस भेजा गया था। पत्र के अनुसार पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी उमेद को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पुलिस ने एक और औरोपी दिल्ली के दास गार्डन बापडोला में रहने वाले संजय चौधरी को गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी संजय चौधरी।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1.55 करोड़ की ठगी का आरोपी काबू

- पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शेयर मार्केट में निवेश करने के बदले मोटा मुनाफा कमाने के लालच में लगभग 1.55 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गुरूग्राम के कासन निवासी पवन कुमार ने गत वर्ष 24 जून को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह धारूहेड़ा की एक सोसायटी में रह रहा है। वह शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहता था। उसने एक व्हाट्स एस गुरप से जुड़कर चैट करना शुरू कर दिया। गुरप पर उसे शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए जानकारी दी गई। इसके बाद उसने एक एप डाउनलोड की। शुरू में उसने 10 हजार रुपये चैट से मिले खाता नंबरों पर जमा करा दिए। इसके बाद उसे एप पर ज्यादा मुनाफा दिखाते हुए झांसे में ले लिया। कई बार ट्रांजेक्शन करते हुए उसने 15460000 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

उसके एप खाते में 15 करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा दिखाया गया। जब उसने मुनाफे की राशि निकालने के लिए व्हाट्स एप पर संपर्क किया, तो गुरप एडमिन ने उससे 1.35 करोड़ रुपये कमिशन के रूप में जमा कराने को कहा। जब उसने बताया कि यह राशि उसके प्रोफिट से काट लो, तो उसने बातचीत करना बंद कर दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए दो आरोपियों पश्चिम बंगाल निवासी डावा लांबा व बिहार निवासी रंजन को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में एक और आरोपी सिरसा के चाहरवाला निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी का आरोपी कुलदीप। फोटो :हरिभूमि

### टैंपो चालक के खिलाफ केस

## हादसे में घायल दो लोगों की पीजीआई में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

धारूहेड़ा के निकट 13 मई को टैंपो पलटने से गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। पुलिस ने टैंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

यूपी के गनसरा निवासी पिंटू हजारीवास में किराए के मकान में रहता है। उसके पास उसका भाई पंकज भी हजारीवास में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। यूपी का ही रहने वाला शिवम भी उनके साथ मजदूरी करता था। यह लोग एक टैंपो से कोयला खाली करने के लिए रेवाड़ी से धारूहेड़ा जा रहे थे। तेज गति होने के बाद साबी नदी से आगे चलते ही टैंपो असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में पंकज व शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया था, जहां से पंकज व शिवम को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया था। वहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### चार-पांच दिन तक राहत की उम्मीद नहीं, 44 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

# नौतपा से दस दिन पहले भारी गर्मी का प्रकोप, सबसे गर्म दिन रहा वीरवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

मई माह के दूसरे पखवाड़े में प्रचंड गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है। पहली बार तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाने के बाद लू के थपेड़ों ने जनजीवन प्रभावित करना शुरू कर दिया है। अगले चार से पांच दिनों तक भारी गर्मी का प्रकोप बना रह सकता है, जिससे दोपहर के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल बना रहेगा।

नौतपा से दस दिन पहले भारी गर्मी ने लोगों का पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया है। गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद अप्रैल माह में तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंच गया था। मई माह के शुरू में तापमान में भारी गिरवट आ गई थी। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बार-बार आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी होने से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था। मौसम में बार-बार बदलाव अभी भी देखने को मिल रहा है, परंतु अब तापमान तेजी से बढ़ना शुरू हो गया है। वीरवार को पहली बार अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 43 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस कम होकर 20.0 डिग्री पर आ गया। गत वर्ष 15 मई को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पारा 43 डिग्री पर पहुंचने के कारण सुबह से ही भारी गर्मी का प्रकोप बना रहा।

दोपहर तक तेज लू चलने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। बाजार से लेकर सड़कों तक पर सन्नाटा छाया रहा। लू का प्रकोप दोपहर बाद तक बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों तक भारी गर्मी का असर बना रह सकता है। इस दौरान तापमान 44 डिग्री तक भी पहुंच सकता है।



रेवाड़ी। वीरवार को 43 डिग्री तापमान के बीच स्कूल से घर जाते विद्यार्थी।

### नौतपा से पहले तपने लगी धरती

इस बार नौतपा 25 मई से शुरू होकर 3 जून तक चलेगा। इस बार 25 मई को सुबह 3:27 बजे सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इससे के साथ नौतपा की शुरू हो जाएगा। ऐसा माना जाता है कि अगर नौतपा के 9 दिनों में अगर धरती अच्छी तरह से तपती है, तो इसके बाद मानसून के मौसम में अच्छी बरसात होती है। इसके विपरीत अगर नौतपा में बारिश होती है, तो बाद में सूखा पड़ने की आशंका बनी रहती है। गत वर्ष नौतपा के 9 दिनों में भी बारिश होती रही थी। इस बार इन 9 दिनों में अच्छी गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### दस लाख यूनिट तक बढ़ा लोड

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बिजली का लोड भी वीरवार को लगभग 10 लाख यूनिट तक बढ़ गया। एसी और कूलर का उपयोग बढ़ने से घरेलू बिजली की खपत बढ़ने लगी है। आने वाले दिनों में अगर तापमान इसी तरह का बना रहता है, तो बिजली की खपत में और इजाफा होगा। इससे लोगों को पीक अवर्स में पावर कटों का सामना भी करना पड़ेगा। बिजली निगमों ने सिस्टम को हीट होने से बचाने के लिए करंट ट्रांसफार्मरों पर कूलर चलाने भी शुरू कर दिए हैं।

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।




## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट

कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# आस-पास की कहानियां



जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।

किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें



1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।



- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैल्कुलेटर

## जीके क्विज-154



1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

# मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

## रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



रितेश, मटियारी



श्वेता, रायपुर



रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा




भाविका, सरोरा


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

## रंग भरो 176



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### कैंप में विद्यार्थियों ने सीखा अनुशासन व आपदा प्रबंधन

**बावल।** नंगली परसापुर रोड स्थित सरवन इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय स्कॉउट गाइड प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया। छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रशिक्षु छात्रों ने कई हैरतंगेज करनामें दिखाए। तीन दिन के प्रशिक्षण में बच्चों को स्कॉउटिंग, फ्लैग होस्टिंग, अनुशासन, जीवन जीने की कला, आगजनी, सड़क हादसे, प्राथमिक उपचार व आपदा प्रबंधन सहित कई अन्य जानकारियों से रूबरू कराया गया।

### रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा में इजाफा किया

**रेवाड़ी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा में इजाफा किया गया हैं। जीआरपी व आरपीएफ की टीम की ओर से डॉग स्क्वॉयड के साथ स्टेशन परिसर में गहनता से जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए गए है। आतंकी हमले के बाद से ही स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। थाना प्रभारी चंदन सिंह ने कहा कि किसी संदिग्ध वस्तु व व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर स्टेशन परिसर में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचना दे। अभियान के दौरान स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों में भी जांच की गई।

### विहिप की बैठक बाल भवन में कल

**रेवाड़ी।** विश्व हिंदू परिषद की भिवानी विभाग की एक दिवसीय बैठक बाल भवन में 17 मई को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद आलोक शिरकत करेंगे। प्रवास के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष अपेक्षित कार्यकर्ताओं के शिक्षण-प्रशिक्षण, राष्ट्रीय मुद्दों पर चिंतन व संगठन विस्तार को लेकर मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीरवार को भिवानी विभागाध्यक्ष विशाल सैनी व जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल की संयुक्त अध्यक्षता में तथा प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख गोपालकृष्ण की उपस्थिति में व्यवस्था के दायित्वों पर विचार किया गया।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क जांच कैंप 18 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 18 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे फ्री दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. विक्रम यादव मेडिसिन, डा. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग, डा. सुमन यादव स्त्रीरोग व डा. कोमल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव मरीजों को फिजियोथेरेपी की सेवाएं देंगे।

## राजकीय कन्या विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# खाद्य सुरक्षा व पदार्थों में मिलावट आज के समय की गंभीर समस्या

भरत मुनि कला केंद्र से कुमारी तान्या ने विद्यालय की छात्राओं को हाइजीन व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के बारे में जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भरत मुनि कला केंद्र व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोसली के तत्वावधान में खाद्य सुरक्षा व खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा व खाद्य पदार्थों में मिलावट आज के समय की सबसे गंभीर समस्या है। इस संबंध में जागरूक हो कर ही बचाव हो सकता है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करके ही उनका प्रयोग करना चाहिए। भरत मुनि कला केंद्र से कुमारी तान्या ने विद्यालय की छात्राओं को हाइजीन व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के बारे में जानकारी दी तथा दूध, घी, मिर्च, मसाले व नमक की आसान तरीकों से जांच करने के तरीके बताए। उन्होंने छात्राओं को हेल्दी डाइट के फायदे व जंक फूड के नुकसान के बारे में बताया।



रेवाड़ी। छात्राओं को हाइजीन व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के बारे में जानकारी देती कुमारी तान्या। फोटो : हरिभूमि

### शुद्ध जल एवं स्वस्थ पदार्थों का उपयोग करें

प्रवक्ता बाल योगेश्वर ने बताया कि पके हुए भोजन को दूषित होने से बचाने के लिए कच्चे और पके हुए भोजन को अलग रखना चाहिए। रोगाणुओं को नष्ट करने के लिए खाद्य पदार्थों को उचित समय तक और उचित तापमान पर रखें। शुद्ध जल एवं स्वस्थ पदार्थों का उपयोग करें, तभी खाद्य मिलावट से बचा जा सकता है। प्रवक्ता माया यादव ने सभी मेहमानों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्राचार्य सुनील यादव, आदित्य यादव, दीपक यादव, भरत मुनि कला केंद्र से डा. अंकुर, हिमानी, मदन डागर व प्रवक्ता नीलम, सुभाष, मनीषा, रेखा रामकला, सुमन, पुष्पा, राजबाला, सुनील कुमार, भूपेंद्र, सोनू, सरिता, कविता, स्नेह व नरेंद्र सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## बारहवीं में रितु बनी राजकीय स्कूल बनीपुर की टॉपर



**बावल।** गांव बनीपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का हरियाणा शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी पुरोहित ने बताया कि छात्रा रितु ने विद्यालय स्तर पर प्रथम, जबकि कंचन ने द्वितीय व मोहित ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को माला पहना कर प्रोत्साहित किया तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीया स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्षेत्र के व्योवृद्ध समाजसेवी सतवीर ढिल्लों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका डा. बबिता वर्मा ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

# लिंगानुपात में सुधार के लिए निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गांव पाड़ला में लिंगानुपात में सुधार के लिए लोगों के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। पीएचसी बासदूदा की इंचार्ज डा. भूमिका के सुपरविजन में आयोजित रैली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मनेठी से सीएचओ ताराचंद सैनी, एएनएम माया देवी, एमपीएचडब्ल्यू जितेंद्र यादव, आशा वर्कर पिंकी देवी, अनीता शर्मा व अनीता देवी ने सहयोग किया। डा. भूमिका ने कहा कि बेटों की तुलना में बेटियों की संख्या बहुत कम है, जोकि एक चिंता का विषय है, इसलिए सभी को बेटियों के प्रति सोच बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घर में एक बेटे और एक बेटी का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि बेटियां एक घर का नहीं बल्कि दो-दो घरों का पालन पोषण करती है। आज हर क्षेत्र में बेटी देश का नाम रोशन कर रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध को भी बेटियों ने ही संभाला है। उन्होंने सरकार की ओर से बेटियों के लिए चलाई जा रही मेरी बेटी मेरा धन, सुकन्या समृद्धि और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना की जानकारी दी। इस मौके पर पाड़ला गांव के सरपंच कुलदीप, पूर्व महिला मोर्चा मंडल के अध्यक्ष हेमलता, पंच रविंद्र, राजकुमार, बीना व रीना सहित सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स मौजूद थी।




रेवाड़ी। जागरूकता रैली में शामिल पीएची स्टाफ व ग्रामीण।

# जानवी व शुभम बने स्कूल टॉपर

- प्रधानाचार्य डा. हरिप्रकाश ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहीद हरलाल पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़िया कमालपुर के दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल का कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में जानवी निवासी राजपुरा ने 93.2 अंक लेकर प्रथम, विनय कुमार हालुहेड़ा ने 92.4 अंक लेकर द्वितीय व प्रीति बोड़िया कमालपुर ने 90.2 अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में शुभम राजपुरा ने 91.2 अंक लेकर प्रथम, शालू गिंदोखर ने 89.60 अंक लेकर द्वितीय व प्रिया ढोकिया ने 87.2 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 118 बच्चों में से 106 बच्चों प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 10वीं में विद्यार्थियों ने कंप्यूटर साइंस विषय में 100 प्रतिशत, विज्ञान विषय में 97 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान में 93 प्रतिशत, गणित विषय में 94 प्रतिशत व अन्य सभी विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर अपने विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने म्यूजिक व फाइन आर्ट में 100 प्रतिशत, हिंदी विषय में 97 प्रतिशत, केमिस्ट्री विषय में 94 प्रतिशत तथा भौतकी व अन्य विषयों के विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य डा. हरिप्रकाश ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। बोड़यि कमालपुर स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।

# गाड़ी मालिक सहित सवारियों को बंधक बनाकर पैसे वसूलने के मामले का एक और आरोपी काबू

- पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल थाना पुलिस ने गाड़ी मालिक सहित सवारियों को बंधक बनाकर जबरन पैसे वसूलने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव भैहरामपुर भडंगी निवासी मोनू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। यूपी के जिला फरुखाबाद के गांव नंगला टीकुरा निवासी रणजीत सिंह ने अपनी शिकायत बताया था कि वह अपनी अर्टिका गाड़ी में चालक पुष्पेन्द्र के साथ यूपी से सवारी लेकर बुकिंग पर खाटूश्याम जी गए थे। गाड़ी की बुकिंग यूपी निवासी सुधीर कुमार, अवनीष, जगदीश, जानेष व पूजा ने की थी। गत 13 अप्रैल को खाटू श्याम से वापस आते समय गाड़ी के ड्राइवर ने शराब पी ली थी। उन्होंने जयसिंहपुर खेडा बॉर्डर के पास गाड़ी को साइड में रोक लिया था। इस दौरान पीछे से आई एक अर्टिका गाड़ी में से पांच लड़के उतरे, जिन्होने कुछ देर बात करने के बाद ड्राइवर पुष्पेन्द्र से जबरदस्ती उनकी गाड़ी की चाबी ले ली और उन्हें थाने में चलने के लिए कहा गया। उनकी गाड़ी को एक गब्बर नाम का व्यक्ति चलाने लगा, जिसमे सुधीर, पूजा, जानेष व अवनीष बैठे थे। गब्बर के चार साथियों ने उसे, ड्राइवर पुष्पेन्द्र व जगदीश को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। सभी उन्हें दिल्ली की तरफ लेकर चल दिए। इस दौरान फ्लाईओवर के पास पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाते समय अवनीष व पूजा उतर गए तथा आरोपी गब्बर ने सुधीर को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाए रखा। अवनीष व पूजा डर के कारण गाड़ी में नहीं बैठे।

सभी आरोपी उन्हें धमकाकर गाड़ी में घुमाते रहे। इसके बाद आरोपियों ने जबरन उसके फोन पे से करीब 11 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए तथा आरोपी गब्बर, सुधीर को गाड़ी सहित फ्लाईओवर के पास छोड़कर चला गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी मोनू। फोटो :हरिभूमि

## सतीश स्कूल का सराहनीय रहा बारहवीं का परीक्षा परिणाम



**रेवाड़ी।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में दिल्ली रोड स्थित सतीश पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की प्राचार्या संगीता यादव ने बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र विकास व खुशी ने 80 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शेष विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर संगीता रानी, सीमा रानी, अंजू, संगीता, नेहा, रमनदीप, जितेंद्र बाला, मोनिका, सुमनलता व दीपिका मौजूद थी।

# 74 छात्रों को मिला अप्रेंटिस का मौका

- खरखड़ा आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखड़ा में वीरवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के निर्देश पर मेले का आयोजन किया गया। आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में छह कंपनियों ने लिया हिस्सा तथा 74 छात्रों को अप्रेंटिस का मौका मिला। आईटीआई की प्रधानाचार्य वंदना ने बताया कि मेले में रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल की कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार 74 छात्र-छात्राओं का अप्रेंटिस के लिए चयन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विभाग का लक्ष्य आईटीआई पास छात्र-छात्राओं को कैंपस में ही रोजगार दिलाना है। युवाओं को समय पर अपनी पसंद की कंपनी में काम करने का अवसर मिल सकेगा। धारूहेड़ा नपा अध्यक्ष कंवर सिंह ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इलाके की जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। अब रोजगार के लिए कंपनियों पर निर्भर है कि वे जिले के ज्यादा से ज्यादा युवक-युवतियां को रोजगार दे। कार्यक्रम में आईटीआई स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को रोजगार की जानकारी देते कंपनी प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

## एसडीएम ने बारहवीं में उच्च अंक पाने वाले छात्रों को दी बधाई



**कोसली।** कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि उपमंडल में बाल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। क्षेत्र के विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों, खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। एसडीएम वीरवार को अपने कार्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा के नॉन मेडिकल संकाय में जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे रजत व नवदीप शर्मा को बधाई देते हुए व्यक्त किए। रजत ने 500 में से 493 व नवदीप ने 488 अंक हासिल किए है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र यादव, एसकेजी स्कूल के संचालक श्याम सिंह, विजय आजाद, एडवोकेट विकास चौधरी, सांवत चौहान, बार कोसली उप प्रधान मनोज राव, अरुण यादव, कर्ण सिंह, राजपाल यादव, रोहित यादव, राहुल यादव, अरविंद शर्मा, गुरुदयाल, रतन कुमार व मनोज यादव मौजूद थे। कोसली बार एसोसिएशन ने भी दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# लेमन सोडा फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग की रेड

- सोडा वाटर के सैंपल लेकर लैब भिजवाए

**रेवाड़ी।** सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को बारा हजारी में लेमन सोडा बनाने वाली एक फैक्ट्री पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर रेड की। फैक्ट्री से जहां सोडा वाटर के सैंपल लेकर लैब भिजवाए, तो नगर परिषद ने भी रिहायशी एरिया में वाणिज्यिक गतिविधि चलाने पर फैक्ट्री मालिक को नोटिस दिया है। जल्द ही फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। वीरवार को सीएम फ्लाइंग ने बिजली निगम, फूड सेफ्टी ऑफिसर, नगर परिषद के अधिकारी व फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को साथ लेकर यादराम सोडा वाटर फैक्ट्री पर रेड की। दशकों से चली आ रही सोडा वाटर फैक्ट्री पर रेड से हड़कंप मच गया। फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने सोडा वाटर के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए। नगर परिषद की ओर से फैक्ट्री मालिक को रिहायशी क्षेत्र में फैक्ट्री चलाने पर नोटिस दिया है।



रेवाड़ी। सोडा वाटर के सैंपल लेकर सील लगाते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

**सफलता** डीसी ने एचबीएसई की बारहवीं की परीक्षाओं में उतीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनाएं

# विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम समर्पण और आत्मविश्वास का प्रमाण: मीणा

- बारहवीं कक्षा का शत प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम रहने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुए जिले के सभी छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय मुखियाओं और स्टाफ को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास के विद्यार्थियों ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास का प्रमाण है और सभी विद्यार्थी भविष्य में भी अपने माता-पिता के साथ-साथ जिले का नाम देश-प्रदेश में रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी इस बार सफल नहीं हो पाए हैं, वे बिल्कुल भी हताश और निराश न हों, अगली बार सफलता निश्चित है, बस कड़ी मेहनत और प्रयास जारी रखें। वीरवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में बारहवीं कक्षा का शत प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम रहने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्राचार्या शोभा भारद्वाज के विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य शोभा भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय के 91 छात्रों में से 18 बच्चों ने मेरिट हासिल की है। उन्होंने बताया कि खुशी ने विज्ञान संकाय में 500 में से 477 अंक प्राप्त किए। 12 लड़कियों और 6 लडकों ने मेरिट का परचम लहराया और 73 छात्रों ने प्रथम डीवीजन के साथ पास होकर गांव व माता पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि महेश पूर्व सरपंच गजराज यादव, मांगेलाल, सतीश व मुकेश कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



रेवाड़ी। प्राचार्या का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति। फोटो :हरिभूमि

### नठेड़ा की तनु ने क्षेत्र व परिवार का नाम किया रोशन

**कोसली।** नठेडा गांव निवासी छात्रा तनु ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं कक्षा की नॉन मेडिकल स्ट्रीम में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। एचडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल साल्हावास की छात्रा तनु ने न केवल स्कूल में टॉप किया, बल्कि झज्जर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कोसली क्षेत्र और परिवार का नाम भी रोशन किया। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ भाजपा नेता बाबू वीर कुमार यादव ने बधाई देते हुए कहा कि तनु ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य पाना असंभव नहीं है।



छात्रा तनु।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनने का दूसरा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बावल।** गत 5 मई की सुबह एक कंपनी के पास दो लोगों के मोबाइल फोन छीनकर फरार होने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस शिकायत में कंपनी कर्मचारी आसलवास निवासी अनिल कुमार ने बताया था कि वह सुबह के समय गांव कंपनी की ओर पैदल जा रहा था। रास्ते में बाइक पर आए तीन युवक उसे धक्का देकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए। तीनों आसलवास फ्लाईओवर की ओर निकल गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में राजस्थान के बिलाहेड़ी निवासी मोहित को गिरफ्तार किया है।

### बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**डहीना।** डहीना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव मसीत निवासी धर्मेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गत वर्ष 29 सितंबर को गांव ढाणी ठेठरबाढ निवासी अभय सिंह किसी काम से गांव जैनाबाद निवासी अनुज के घर पर गया था तथा अपनी बाइक अनुज के घर के बाहर खडी की थी। जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी धर्मेन्द्र को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

## डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में किया जनसमस्याओं का निपटारा

# सरकारी भूमि पर नाजायज कब्जा पाया गया तो होगी कार्रवाई : डीसी

- संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें कम करने के लिए गांव और शहर में पंचायत विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारी सार्वजनिक भूमि का रिकार्ड तथा उन पर चल रही गतिविधियों की निगरानी रखें।

उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर नाजायज कब्जा पाया गया तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी वीरवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। डीसी ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया। डीसी मीणा ने कहा कि विभाग की ओर से अपनी खाली पड़ी सार्वजनिक भूमि की तारबंदी की जाए, जिससे उस पर कोई व्यक्ति अवैध कब्जा न कर सकें। आमतौर पर कुरड़ी या पशु बांधने से नाजायज कब्जे की शुरूआत होती है और कुछ समय बाद वहां पक्का निर्माण कर लिया जाता है। इस प्रकार की शिकायतों पर रोकथाम लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के साथ-साथ गांवों में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने नगर परिषद को शहर के रेजांगला पार्क तथा अंत्योदय भवन की सफाई कराने के निर्देश दिए।




रेवाड़ी। समाधान शिविर में जनसुनवाई करते डीसी अभिषेक मीणा व अधिकारी।

### शिविर में इन शिकायतों पर लिया संज्ञान

समाधान शिविर में नागरिक जयप्रकाश ने शिकायत रखते हुए बताया कि उसने वर्ष 2016 में धारूहेड़ा सेक्टर-5 में एक ईडब्ल्यूएस मकान के लिए राशि जमा कराई थी। इस स्कीम को वर्ष 2020 में वापस ले लिया गया। उसकी करीब 55 हजार रुपए की राशि एचएसवीपी में जमा है, जोकि वापस नहीं मिल रही है। डीसी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी वीरेंद्र कुमार को मामले का समाधान करने के निर्देश दिए। संपदा अधिकारी ने बताया कि जल्दी ही रिफंड पोर्टल बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से जयप्रकाश को उसकी रकम मिल जाएगी। विजय नगर निवासी ओमप्रकाश ने शिकायत में बताया कि गली नंबर-14 में एक बिजली का ट्रांसफार्मर और पोल लगे हुए हैं, जिनकी आड़ में कुछ लोगों ने वहां अतिक्रमण किया हुआ है। डीसी ने नगर परिषद के ईओ को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, पीएम किसान सम्मान निधि व मुख्यमंत्री राहत कोष से संबधित शिकायतें भी रखी गई। इस अवसर पर एसीयूटी रूहानी, नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान उपस्थित थे।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई में आरपीएस कोसली का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- स्कूल चेयरमैन ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

सीबीएसई बोर्ड दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस कोसली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

12वीं में विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। नॉन मेडिकल संकाय की छात्रा अंशु ने 96.6 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय के छात्र कुनाल ने 95.8 प्रतिशत व आर्ट संकाय की छात्रा रितिका ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा मेडिकल की छात्रा दीपिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा कक्षा 10वीं में छात्रा शगुन कौशिक ने 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रूपल यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा, भावना ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा और कीर्ति ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं म्यूजिक विषय में 22 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए तथा कक्षा 10वीं सामाजिक अध्ययन में एक व गणित विषय में 3 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन श्रीभगवान यादव और डायरेक्टर हंसराज यादव ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करते स्कूल संचालक व शिक्षक।

## 10वीं, 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों का ग्रामीणों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

कुंड स्थित न्यू ईरा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 12वीं और 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एक ही गांव खेड़ी कांटी के चार विद्यार्थी धीरज, दिव्या, गुंजन व योगेश टॉपर रहे।

स्कूल संचालक और अध्यापकों ने गांव खेड़ी पहुंचकर विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया। बस्कूल संचालक नरेंद्र यादव ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, धीरज शास्त्री, विकास सिंह, विकास कुमार, राजपाल यादव, तुषार, परमवीर, मंजू यादव, एकता यादव, हेमलता, पूनम यादव, मंजू यादव, मनीष यादव, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, महेश पीटीआई, गजेंद्र डीपी, देवेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, पंकज कुमार, चंदन सिंह व अतुल कुमार सहित सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### बुड़ोली में बिजली निगम का खुला दरबार आज

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बुड़ोली में 16 मई को सुबह 11 बजे बिजली निगम से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए खुला दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता रेवाड़ी के अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार चौहान करेंगे।

कोसली मंडल के कार्यकारी अभियंता विजयपाल यादव ने बताया कि बुड़ोली गांव के एसडीओ कार्यालय में 16 मई को खुला दरबार लगाया जा रहा है, जिसमें बिजली के बिल, कनेक्शन, मीटर, वोल्टेज व बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। 50 हजार रुपए तक के बिजली बिलों की त्रुटि को मौके पर ही दूर किया जाएगा, बशर्ते उन पर कोई कोर्ट केस न हो। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपनी शिकायतों को सत्यापित फार्म पर दें तो उनका समाधान जल्दी हो सकेगा।

## विवेकियंस ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सौ प्रतिशत परिणाम लेकर रचा इतिहास

- सभी मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कक्षा 10वीं से छात्रा राखी शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, मुस्कान व विनय ने 95 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा मोन्शू, आदित्य, नितिन, कशिश और आशी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा दीया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में कॉमर्स संकाय से छात्रा वंशिका ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कशिश व तनुज ने 94 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और निकिता ने 92 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। मेडिकल संकाय में छात्रा सिमरन 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम और रोहित 90 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। नॉन मेडिकल संकाय में छात्र मुस्कान 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। कला संकाय से याशिका ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम तथा आकाश ने 89 प रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा दसवीं के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं के 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## बारहवीं में मोहित व दसवीं में निखिल गोयल बने विकास स्कूल के टॉपर

- प्राचार्य ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षिकों व अभिभावकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रोलियावास स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

12वीं विज्ञान संकाय में मोहित ने 93 प्रतिशत, आयुष यादव व तमन्ना ने 90 प्रतिशत, मुस्कान ने 89 प्रतिशत, तुषार ने 89 प्रतिशत, कला संकाय में पायल ने 94 प्रतिशत, चहक ने 93 प्रतिशत, सरला कुमारी ने 92 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में निधि ने 94 प्रतिशत अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं से निखिल गोयल ने 98 प्रतिशत, चेष्टा ने 93 प्रतिशत, निकिता ने 92 प्रतिशत, नितिन ने 90 प्रतिशत व जिया ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल डायरेक्टर देवेंद्र यादव व प्राचार्य भीम सिंह यादव ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षिकों व अभिभावकों को बधाई दी।




रेवाड़ी। विकास इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बस में महिला का मंगलसूत्र चोरी

**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक से बेरली के लिए प्राइवेट बस में सवार हुई एक महिला का मंगलसूत्र चोरी हो गया। बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात रिकॉर्ड हो गई। सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

ढाणी शोभा निवासी बबली ने शिकायत में बताया कि घर से रेवाड़ी आने के बाद वह प्राइवेट बस में बेरली जाने के लिए बैठी थी। उसकी बगल में नाईवाली चौक से ही एक अन्य महिला बैठी थी। भीड़ का फायदा उठाते हुए पास बैठी महिला ने उसका मंगलसूत्र चोरी कर लिया। इसके बाद वह महिला रास्ते में ही कहीं उतर गई। बस में सीसीटीवी कैमरा लगा होने के कारण चोरी की वारदात रिकॉर्ड हो गई।

## आईजीयू मीरपुर में बीएचएमसीटी की आठ सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के एमकॉम पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड, एमबीए पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड तथा होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग में बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नालॉजी के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से शुरू हो गई है, जोकि 30 मई तक चलेगी।

बीएचएमसीटी चार वर्षीय कौशल-आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में कुल साठ सीटें उपलब्ध हैं। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को आतिथ्य एवं पर्यटन उद्योग में व्यावसायिक दक्षता के साथ एक उज्ज्वल करियर के लिए तैयार करना है। इस पाठ्यक्रम में किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।



विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तेज सिंह।

### कोर्स की प्रमुख विशेषताएं

यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करता है। होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तेज सिंह ने बताया कि विद्यार्थी होटल, रेस्टोरेंट, एयरलाइंस, क्रूज, ट्रैवल कंपनियों एवं इवेंट इंडस्ट्री में करियर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह कोर्स व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवा में दक्षता प्रदान करता है। कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंडस्ट्री इंटर्नशिप एवं ऑन हैंड ट्रेनिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों को नवीनतम आतिथ्य प्रथाओं, सॉफ्ट स्किल्स तथा प्रोफेशनल ग्रूमिंग का प्रशिक्षण प्रदान करता है। कोर्स करने के इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग में 6 जून तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करा सकते है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई से

- कोसली के राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र के लिए आवेदन मांगे

**कोसली।** कोसली के राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र के लिए 19 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किए जाएंगे। प्राचार्य विवेक कुमार ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय कोसली में बीए कला संकाय में 240 सीटें हैं, जिसमें अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, हिंदी एवं अंग्रेजी विषय हैं।

वाणिज्य संकाय बीकॉम में महाविद्यालय में 80 सीटें हैं। बीएससी लाइफ साइंस में 80 तथा बीएससी फिजिकल साइंस में 160 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### आज जनसुनवाई करेंगे कोसली के विधायक

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 16 मई को सुबह 11 बजे नाहड़ रोड़ स्थित कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आम नागरिक अपनी शिकायत को लिखित में लेकर आएं व उन पर अपना फोन नंबर भी अवश्य लिखें।

### केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में शहर में 18 मई को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**रेवाड़ी।** शहर में 18 मई को सुबह 9 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय योजना, कार्यक्रम क्रियान्वयन, सांख्यिकी एवं संस्कृति मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उपस्थित रहेंगे। तिरंगा यात्रा महाराणा प्रताप चौक से आरंभ होगी, जिसका समापन लघु सचिवालय के पास स्थित शहीद स्मारक पर किया जाएगा। यात्रा में जिले के सभी विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। आतंकवाद पर भारतीय सेना के जोरदार प्रहार व पराक्रम को नमन करने के लिए हरियाणा प्रदेश के प्रत्येक जिले में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

### अंश ने 99 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में किया टॉप

**रेवाड़ी।** गांव गोकलगढ़ स्थित अरावली इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर मिसाल कायम की है। विद्यार्थी पिछले 10 वर्षों से लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर स्कूल व क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे है। पिछले 5 वर्षों में दो छात्रों ने 99 फीसदी से अधिक अंक लेकर स्कूल में टॉप किया। वर्ष 2018-2019 में आरजू ने 99 फीसदी से भी अधिक अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस वर्ष छात्र अंश ने भी 99 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। स्कूल के अन्य छात्र आदित्य निर्बान, डिंपल, हिमांशु डोचानिया, कुनाल व खुशबू ने भी 90 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। 12वीं कक्षा में भी तीनों संकायों में शत-प्रतिशत परिणाम रहा।



## खेलकूद

### वैश्विक रूप लेता जा रहा योगासन खेल, खिलाड़ियों को मिलने लगीं सुविधाएं

# आगामी वर्ष के एशियन खेलों में डेमोंस्ट्रेटिव गेम के रूप में शामिल होगा योगासन : डा. युद्धवीर

- सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आईआईएम बोधगया में योगासन खेल का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार राज्य में किया गया, जिसमे योगासन खेल का आयोजन आईआईएम बोधगया में हुआ।

योगासन खेल का शुभारंभ बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रवींद्रन शेखरन व योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक ने किया। समापन कार्यक्रम में योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य ने मुख्य अथिति के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में योगासन भारत के महासचिव व हरियाणा योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डा. आर्य के मार्गदर्शन में तीन खिलाड़ी पार्थ सैनी, सलोनी व रवि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा से टेक्निकल ऑफिसियल के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. हरिश्चंद्र, कोषाध्यक्ष एडवोकेट उमेश नारंग व हरियाणा योगासन खेल संघ के उपाध्यक्ष व योगासन रेवाड़ी के अध्यक्ष डा. युद्धवीर यादव ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

डा. युद्धवीर ने बताया कि योगासन खेल अब वैश्विक रूप लेता जा रहा है तथा अगले वर्ष एशियन खेलो में डेमोंस्ट्रेटिव गेम के रूप में शामिल होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि योगासन भारत की ओर से योगासन के लिए अच्छे कोच एव टेक्निकल ऑफिसियल तैयार करने के लिए वर्ष में दो बार एनआईएस पटियाला के साथ मिलकर प्रशिक्षण कैंप भी चलाए जा रहे है, जिसमे रेवाड़ी जिले से भी 8 लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।

डा. युद्धवीर ने बताया कि जिले में योगासन खेल के प्रचार-प्रसार के लिए आगामी दिनों में खंड स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा सरकारी व निजी विद्यालयों के पीटीई व खेल प्रशिक्षकों को जिला स्तर पर बेसिक कोच का कोर्स भी कराने की भी तैयारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अब अन्य खेलों की तरह योगासन खेल के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई है।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के समापन पर कोच डा. युद्धवीर को सम्मानित करते अतिथि।